[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 16 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 259, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

संसार में ऐसे लोग थोड़े ही होते हैं, जो कठोर किंतु हित की बात कहने वाले होते है।

क्या पापा भी बच्चे का सेफ ... 02

03 देवास तृतीय एवं चतुर्थ...

## खबर संक्षेप

### जयपुर पहुंचे उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



जयपुर @ पदमावत मीडिया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के बुधवार को जयपुर पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की। दोनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए आवेदन शुरू

डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा में सत्र 2027-28 की कक्षा-6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। डूंगरपुर जिले के कक्षा-5 में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई तक निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का डूंगरपुर जिले का मूल निवासी होना तथा जिले के किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-5 में अध्ययनरत होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। पूर्व में चयन परीक्षा दे चुके अथवा वर्तमान में कक्षा-6 में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन के पात्र नहीं होंगे। चयन प्रक्रिया में 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए तथा कम से कम एक-तिहाई सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा के हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

### जैन सोशल ग्रुप समता जोन-6 संगम का स्नेह मिलन समारोह आज

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। जैन सोशल ग्रुप समता, जेएसजी जोन-6 संगम की ओर से गुरुवार, 16 जुलाई को एवरेस्ट रिसोर्ट एवं गार्डन, परमानंद गार्डन के पीछे स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जोन कोऑर्डिनेटर राकेश नंदावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे अल्पाहार से होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथि सम्मान, विभिन्न ग्रुपों का परिचय एवं पुरस्कार वितरण आयोजित किया जाएगा। समापन पर स्नेह भोज का आयोजन रहेगा। आयोजकों ने सदस्यों से निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने की अपील की है। साथ ही चातुर्मास के दौरान 1.25 लाख नवकार मंत्र जाप करने के इच्छुक सदस्य डॉ. राजकुमारी कोठारी से कार्ड एवं काउंटिंग मशीन प्राप्त कर सकते हैं। सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### खालसा पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। खालसा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके कौशल और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह चोरड़िया ने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक शिक्षा के साथ तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल भी सफलता के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और अपने कौशल का विकास करने के लिए प्रेरित किया। अरहम अकैडमी की निदेशक डॉ. सोनल सिंघवी ने प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक कौशलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अरहम अकैडमी की टीम और जय राज सिंह सोनलकी की विशेष भूमिका रही। समारोह में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया गया।

## यमुना जल समझौते को लेकर मुख्यमंत्री का मिशन मोड प्लान

# शेखावाटी को मिलेगा स्थायी पेयजल समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन को लेकर जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को परियोजना पर मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शेखावाटी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और वरदान साबित होगी, इसलिए इसके प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी फील्ड स्तर पर जाकर कार्यों की सतत समीक्षा करें तथा परियोजना को गति देने के लिए आवश्यक संसाधनों और मानवबल की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और कहा कि कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल से यमुना जल समझौता संभव हो सका है। यह समझौता शेखावाटी क्षेत्र की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस समझौते को साकार करने में सहयोग के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार व्यक्त किया।



बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

## सीबीआई का बड़ा ट्रैप: बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक और क्रेडिट अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**लखनऊ/सुल्तानपुर ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा की कोइरीपुर शाखा (जिला सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश) के शाखा प्रबंधक स्वर्णिम श्रीवास्तव और क्रेडिट अधिकारी पुष्पक चौधरी को रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को 14 जुलाई को सीबीआई द्वारा बिछाए गए ट्रैप के दौरान पकड़ा गया।

सीबीआई के अनुसार शिकायतकर्ता को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ था। ऋण की टर्म लोन राशि जारी हो चुकी थी, लेकिन ओवरड्राफ्ट (ओडी) सुविधा की राशि जारी करने के लिए शाखा प्रबंधक और क्रेडिट अधिकारी ने 45 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने पर सीबीआई ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान 14 जुलाई को सीबीआई ने जाल बिछाया और क्रेडिट अधिकारी पुष्पक चौधरी को 35 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि यह रिश्वत शाखा प्रबंधक स्वर्णिम श्रीवास्तव की मिलीभगत और उसके निर्देश पर ली जा रही थी। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 5 लाख रुपये के ऋण की ओवरड्राफ्ट राशि जारी करने के बदले मांगी थी 45 हजार रुपये की रिश्वत, ट्रैप में 35 हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़े गए**

सीबीआई ने बताया कि दोनों आरोपियों को सक्षम न्यायालय, लखनऊ में पेश किया जाएगा। मामले में भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

## विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान: जैसलमेर पुलिस ने बांटे हेलमेट, यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जैसलमेर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जैसलमेर पुलिस द्वारा 2 जुलाई से 16 जुलाई तक विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को यातायात शाखा और कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हनुमान चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा हेलमेट पहनने के महत्व से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट का नियमित उपयोग सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और मौतों को काफी हद तक रोक सकता है। पुलिस ने अभियान के दौरान वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, तेज गति और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा सभी यातायात संकेतों और नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में हेलमेट वितरण के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी दिया गया।

## उदयपुर पुलिस का बड़ा ऐलान: फरार हत्या आरोपी शक्ति कुमार पर इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस गौरव श्रीवास्तव ने प्रतापनगर थाना क्षेत्र के चर्चित हत्या प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शक्ति कुमार पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। आरोपी पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था, जिसे अब दोगुना कर दिया गया है।




पुलिस के अनुसार आरोपी शक्ति कुमार पुत्र संजय सिंह, मूल निवासी कुखोरा, थाना सकुराबाद, जिला जहानाबाद (बिहार) तथा वर्तमान पता 190-ए, नियर बाबूलाल चौक, मुनिरका विलेज, थाना किशनगढ़, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली है। वह प्रतापनगर थाना, उदयपुर में दर्ज हत्या के प्रकरण (धारा 302, 34 भादंसं) में वर्ष 2022 से वांछित है और लगातार पुलिस कार्रवाई के बावजूद गिरफ्तारी से बचता हुआ फरार चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहले 27 मई 2025 को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अब मामले की गंभीरता को देखते हुए उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने के आदेश जारी किए हैं।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि जो भी व्यक्ति आरोपी की गिरफ्तारी या उसके ठिकाने के संबंध में सटीक एवं विश्वसनीय सूचना देगा, उसे 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## योग एवं जनस्वास्थ्य सेवा के लिए डॉ. मीना बाबेल सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** योग, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नवल योग सेवा संस्थान, उदयपुर की निदेशक डॉ. मीना बाबेल को अकादमी ऑफ वेलबीइंग द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें योग के प्रचार-प्रसार, निःशुल्क योग प्रशिक्षण, जनस्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं समाजहित में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान अकादमी ऑफ वेलबीइंग की 20वीं वार्षिक आम सभा के अवसर पर आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) बी.एल. चौधरी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, अकादमी ऑफ वेलबीइंग की निदेशक एवं प्रख्यात मनोवैज्ञानिक प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा की अधिष्ठाता प्रो. पायल शेखावत सहित अनेक शिक्षाविद एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. मीना बाबेल ने वर्षों से योग को जन-जन तक पहुंचाने, निःशुल्क प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से समाज में स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति सकारात्मक जागरूकता का व्यापक संदेश पहुंचा है।

सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. मीना बाबेल ने अकादमी ऑफ वेलबीइंग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें योग, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं सेवा-भाव से कार्य करने की नई प्रेरणा देगा।

## 26 वां स्थापना दिवस धूमधाम से सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** महिला समृद्धि बैंक की मालदास स्ट्रीट शाखा के 26 वें स्थापना दिवस पर ग्राहक संगोष्ठि आयोजित की गई जिसमें विशिष्ट सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने बताया कि मालदास स्ट्रीट शाखा ने 25 वर्षों के कार्यकाल में उल्लेखनीय प्रगति की है। 26 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक को उर्जा, प्रगति एवं व्यापार प्रदान करने वाले ग्राहकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में धाकड सेल्स, नवरत्न ज्वेलर्स एवं गगन व्यास शामिल थे। संगोष्ठी में बैंक की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. जैन ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाते हुए बैंक सभी प्रकार की डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित संचालक मण्डल के सदस्यों ने शाखा की स्थापना से लेकर आज तक की गौरवपूर्ण यात्रा को



याद करते हुए समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। संचालन मुख्यकार्यकारी अधिकारी विनोद चपलोत ने किया एवं बैंक उपाध्यक्षा श्रीमती विमला मूंदड़ा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन, उपाध्यक्ष विमला मूंदड़ा, निदेशक विद्याकिरण अग्रवाल, कंचन केसर सोनी, निशा सालवी, सुभाषिनी शर्मा, विनोद चपलोत, शाखा प्रबंधक ज्योति कोठारी, अभिकर्ता राजेश कसोदनिया, विजयप्रभा सोनी, खुशबू जैन सहित कई गणमान्य ग्राहक उपस्थित थे।

## जैसलमेर पुलिस की बड़ी सफलता: विंडमिल संयंत्र में डकैती का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जैसलमेर @ पदमावत मीडिया। जैसलमेर जिले की सांगड़ थाना पुलिस ने विंडमिल संयंत्र में हुई डकैती के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी मोहनराम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई तांबे की केबल भी बरामद की है। मामले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 11 जून 2026 की रात 10 से 12 बदमाश जेएसडब्ल्यू कंपनी के विंडमिल संयंत्र में घुसे और सुरक्षा कर्मियों से मारपीट कर तांबे की केबल तथा मशीनरी के उपकरण लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और लगातार पीछा करने के बाद पुलिस ने मोहनराम (22) निवासी गोरेरा को गिरफ्तार किया।

## मेवाड़ की शताब्दियों पुरानी परंपरा का भव्य निर्वहन: डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने श्री जगन्नाथ रायजी को अर्पित की पारंपरिक पोशाक व भोग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** मेवाड़ की गौरवशाली धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखते हुए मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री जगदीश मंदिर में विराजित ठाकुरजी श्री जगन्नाथ रायजी को पारंपरिक पोशाक एवं भोग-प्रसाद श्रद्धापूर्वक अर्पित किया। सदियों से चली आ रही राजपरंपरा के अनुसार यह विशेष पोशाक राजमहल से भव्य धार्मिक शोभायात्रा के साथ मंदिर पहुंचाई गई।

राजमहल से श्री जगदीश मंदिर तक निकली शोभायात्रा श्रद्धा, परंपरा और राजसी वैभव का अनुपम संगम बनी। शोभायात्रा के अग्रभाग में सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी अनुशासित परेड करती हुई चली, जबकि पैलेस बैंड की मधुर स्वरलहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धर्मसभा के सदस्य एवं पंडितगण पारंपरिक वेशभूषा में पोशाक और भोग-प्रसाद के थाल लेकर मंदिर पहुंचे।



चँवरदारों ने परंपरानुसार चँवर सेवा की तथा छड़ीदारों ने राजपरंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान श्रद्धालु भगवान श्री एकलिंगनाथ और भगवान श्री जगन्नाथ रायजी के जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि श्री जगदीश मंदिर का निर्माण मेवाड़ के 57वें श्री एकलिंग दीवान महाराणा जगत सिंह प्रथम ने कराया था तथा इसकी प्रतिष्ठा विक्रम संवत 1709 की वैशाख पूर्णिमा को हुई थी। तभी से मेवाड़ के महाराणाओं द्वारा यहां



धार्मिक अनुष्ठान, उत्सव, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना की परंपरा निरंतर निभाई जाती रही है।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ अपने पूर्वजों की इस गौरवशाली विरासत का निरंतर निर्वहन करते हुए मेवाड़ की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके इस प्रयास से सदियों पुरानी राजपरंपरा आज भी उसी श्रद्धा और गरिमा के साथ जीवंत बनी हुई है।

# क्या पापा भी बच्चे का सेफ स्पेस हैं?

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मोनिका चौहान**
(शिक्षाविद्, सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक – रेवांन्थम, करियर काउंसलर, पब्लिक स्पीकर, पर्सनालिटी एवं लाइफ स्किल डेवलपमेंट कोच)

प्रिय अभिभावकगण,
कुछ समय पहले बच्चों के एक समूह से बातचीत के दौरान उनसे एक छोटा-सा सवाल पूछा गया।

**अगर तुमसे कोई ऐसी गलती हो जाए, जिसे बताने में डर लगे, तो सबसे पहले किसे बताओगे?**

ज्यादातर बच्चों ने बिना सोचे जवाब दिया, **मम्मी को।**

फिर पूछा गया, **और पापा?**

कुछ बच्चों ने हँसते हुए कहा, पापा को बाद में बताएँगे और कुछ ने सहजता से जवाब दिया, **पहले मम्मी को बताएँगे, फिर वो पापा को बता देंगी।**

वहाँ मौजूद लोग मुस्कुरा दिए, लेकिन यह सवाल मेरे मन में देर तक ठहरा रहा।

**क्या हमारे बच्चे अपने पिता से प्यार कम करते हैं ? या उनके प्यार को महसूस करने का तरीका अलग होता है?**

सच तो यह है कि शायद ही कोई पिता होगा, जो अपने बच्चे के लिए बेहतर भविष्य न चाहता हो। वह दिन-रात मेहनत करता है, अपनी इच्छाओं से पहले परिवार की जरूरतों को रखता है और कई बार अपनी थकान को भी मुस्कान के पीछे छिपा लेता है। उसका प्रेम अक्सर शब्दों में नहीं, जिम्मेदारियों में दिखाई देता है।

**हर पिता अपने बच्चे का भविष्य सुरक्षित करना चाहता है, लेकिन बच्चे का बचपन भविष्य का इंतजार नहीं करता।**

बच्चे भविष्य को नहीं जीते, वे आज को जीते हैं। इसलिए उन्हें यह भी महसूस होना चाहिए कि उनका भविष्य संवारने वाला इंसान, उनके आज में भी मौजूद है।

हम अक्सर सोचते हैं कि एक दिन बच्चे बड़े होकर हमारे त्याग को समझेंगे। शायद वे समझ भी जाएँ। लेकिन बचपन त्याग का हिसाब नहीं रखता, **बचपन केवल यह महसूस करता है कि उसकी छोटी-सी दुनिया में उसके अपने कितने शामिल थे।**

यहीं शायद पिता और बच्चे के बीच सबसे सुंदर समझ बनने की जरूरत है।

**अधिकांश पिता अपने प्रेम को जिम्मेदारियों के रूप में जीते हैं, जबकि बच्चे प्रेम को साथ, संवाद और अपनापन के रूप में महसूस करते हैं।**

**जब प्रेम जताने और प्रेम महसूस करने का तरीका अलग-अलग हो जाता है, तब दूरी ही नहीं बनती, कई बार अनकही गलतफहमियाँ भी जन्म लेने लगती हैं।**

हम अक्सर समय की कमी की बात करते हैं, लेकिन शायद बच्चों की यादों का गणित थोड़ा अलग होता है।

बच्चे यह नहीं गिनते कि पापा उनके साथ कितने घंटे रहे, वे यह याद रखते हैं कि जब पापा उनके साथ थे, तब उनका ध्यान कहाँ था।

शायद इसलिए **बचपन की सबसे खूबसूरत यादें** महँगे खिलौनों से नहीं बनतीं। वे बनती हैं उस शाम से, जब पापा ने बिना किसी जल्दबाजी के उनकी पूरी बात सुनी थी; उस छुट्टी से, जब दोनों ने साथ पतंग उड़ाई थी; या उस दिन से, जब किसी गलती पर डाँटने से पहले उनका हाथ थाम लिया था।

पिता अपने अनुभवों से बच्चों को जीवन की राह दिखाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक भी है। लेकिन बच्चों की स्मृतियाँ थोड़ा अलग ढंग से काम करती हैं।

**बच्चों को पिता की सलाह बाद में याद रहती है, पिता की प्रतिक्रिया पहले।**

परीक्षा में कम अंक आए हों, कोई चीज टूट गई हो या उनसे कोई गलती हो गई हो, ऐसे क्षणों में पिता की पहली प्रतिक्रिया बच्चे के मन में यह तय करती है कि अगली बार वह सच तुरंत बताएगा या पहले कई बार सोचेगा।

और एक बात जो हम अक्सर भूल जाते हैं- **बच्चे अपने पिता से डरते नहीं हैं, वे उन्हें निराश नहीं करना चाहते।**

यही कारण है कि कई बार वे अपनी सबसे बड़ी उलझन भी देर से बताते हैं। डर की वजह से नहीं, बल्कि इस चिंता से कि कहीं उनके पिता का भरोसा उन पर कम न हो जाए।

यह लेख किसी भूमिका की तुलना करने के लिए नहीं है। माँ और पिता, दोनों का प्रेम अपने-अपने ढंग से अनमोल होता है। बस कभी-कभी उस प्रेम की भाषा को समझ लेना रिश्तों को और सहज बना देता है।

मनोविज्ञान भी बताता है कि जिन बच्चों को पिता का भावनात्मक साथ मिलता है, उनमें आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और भावनात्मक संतुलन बेहतर विकसित होता है। लेकिन भावनात्मक साथ का अर्थ हर समय साथ रहना नहीं है।

**पिता का होना हमेशा बच्चे के पास बैठना नहीं होता, कई बार यह जानना ही काफी होता है कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, पापा मेरे साथ खड़े होंगे।**

रिश्ते एक दिन में नहीं बनते। **वे छोटी-छोटी बातचीतों की किश्तों में बनते हैं।**

हर बार जब बच्चा महसूस करता है कि आज भी मेरी बात पूरी सुनी गई, **तब उसके भीतर भरोसे की एक और ईंट जुड़ जाती है।**

हो सकता है, आपका काम आपको रोज देर तक व्यस्त रखता हो। हो सकता है आप महीनों घर से दूर रहकर परिवार की जिम्मेदारियाँ निभाते हों। फिर भी जब भी आप अपने बच्चे के साथ हों, कोशिश कीजिए कि उन कुछ पलों में आपका ध्यान पूरी तरह उसी पर हो।

क्योंकि बच्चों को हमेशा ज्यादा समय नहीं चाहिए होता, **उन्हें ऐसे कुछ पल चाहिए होते हैं, जहाँ उन्हें यह महसूस हो कि उस समय दुनिया में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण वही हैं।**

**अंत में एक विचार आपके साथ छोड़ जाना चाहूँगी --**

हर परिवार की परिस्थितियाँ अलग होती हैं। कहीं बच्चा सबसे पहले माँ से बात करता है, कहीं पिता से और कहीं दादा-दादी से। यह तुलना का विषय नहीं है।

महत्वपूर्ण यह है कि जब बात पापा तक पहुँचे, तो बच्चे को यह भरोसा हो कि उसे केवल परखा नहीं जाएगा- **समझा भी जाएगा।**

शायद वर्षों बाद आपका बच्चा यह भूल जाए कि आपने उसके लिए कौन-सा खिलौना खरीदा था या कौन-सी साइकिल दिलाई थी। **लेकिन वह यह कभी नहीं भूलेगा कि जब जीवन की किसी कठिन उलझन ने उसे घेरा था, तब उसके पिता उसके साथ थे।**

शायद पिता होने की सबसे बड़ी सफलता यही नहीं कि बच्चे आपकी हर बात मानें, **बल्कि यह है कि जीवन का सबसे कठिन सच भी वे आपके साथ बाँट सकें।**

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्टरों का चक्का जाम आंदोलन तेज, उदयपुर में निकाली ट्रक रैली

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** वीएलटीडी जीपीएस, परमिट एवं फिटनेस संबंधी




समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदेश ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन बुधवार को और तेज हो गया। उदयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर से आरटीओ कार्यालय तक करीब 50 ट्रकों की रैली निकाली गई और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। संघर्ष समिति ने कहा कि जब तक सरकार लिखित रूप से माँगें स्वीकार नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा। समिति के अनुसार आरटीओ अधिकारियों ने परिवहन आयुक्त से वार्ता कर जीपीएस, फिटनेस एवं परमिट संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान तथा फिटनेस सेंटर बंद रहने की अवधि के चालानों की समीक्षा का आश्वासन दिया है।

### बिजली-पानी संकट पर ग्राहक पंचायत ने सौंपा ज्ञापन



**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने जिले में बिगड़ती बिजली एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने नियमित विद्युत एवं जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्राहक पंचायत का कहना है कि लंबे समय से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों और कई बार एक-दो दिन तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इससे आमजन, व्यापार, कृषि, पशुपालन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। संगठन ने बिजली कटौती और जलापूर्ति बाधित होने के कारणों की उच्चस्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने, संसाधन बढ़ाने तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था लागू करने की मांग की। जिला अध्यक्ष आईदान सिंह सोलंकी ने कहा कि जैसलमेर की जनता अब मूलभूत सुविधाओं का स्थायी समाधान चाहती है।

### श्रम सेतु और लेबर चौक एप लॉन्च, श्रमिकों को मिलेगा सीधा रोजगार




**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** प्रदेश के श्रमिकों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और आमजन को जरूरत के अनुसार श्रमिक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने श्रम विभाग के माध्यम से श्रम सेतु और लेबर चौक मोबाइल एप शुरू किए हैं। श्रम निरीक्षक गोपाल मीणा ने बताया कि विशेष जागरूकता अभियान के तहत श्रमिकों का इन एप पर पंजीकरण कराया जा रहा है। इनका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, दैनिक मजदूरों और कारीगरों को सीधे रोजगार से जोड़ना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इन एप के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार के अवसर, सरकारी योजनाओं की जानकारी, उचित मजदूरी तथा कौशल विकास से जुड़ी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### राजस्थानी भाषा अकादमी में सूचना सहायक केशव जोशी को विदाई



**बीकानेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी में सूचना सहायक केशव जोशी के स्थानांतरण पर बुधवार को अकादमी सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने कहा कि जोशी ने अपने कार्यकाल के दौरान राजकीय दायित्वों का पूरी निष्ठा और दक्षता से निर्वहन किया। समारोह में वक्ताओं ने जोशी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जोशी ने अकादमी में मिले अनुभवों को अपने जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# 47 .37 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: चार राज्यों में एक साथ छापेमारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/हैदराबाद ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 47.37 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई यूको बैंक, हैदराबाद की शिकायत पर ज्यूपिटर बायो साइंसेज लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक, निदेशकों तथा अन्य अज्ञात लोकसेवकों एवं निजी व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज मामले में की गई।




सीबीआई के अनुसार मामला 29 जून 2026 को तेलंगाना उच्च न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप है कि कंपनी और उसके जिम्मेदार अधिकारियों ने बैंक से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फर्जी प्रोफार्मा इनवॉयस और गिरवी रखी गई संपत्तियों के बढ़ा-चढ़ाकर तैयार किए गए मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इसके माध्यम से बैंक को 47.37 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया।

मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने चार राज्यों के विभिन्न ठिकानों पर समन्वित छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी कंपनी के निदेशकों से जुड़े आवासीय परिसरों सहित कई स्थानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, धन के कथित दुरुपयोग से संबंधित रिकॉर्ड तथा जांच से जुड़े अन्य अहम सामग्री बरामद की गई है।

सीबीआई ने बताया कि जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है, ताकि पूरे षड्यंत्र, धन के प्रवाह और मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका का पता लगाया जा सके। मामले में विस्तृत जांच जारी है।

## ग्रामीण सेवा शिविर में बुजुर्ग महिला को मिली सामाजिक सुरक्षा पेंशन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** सराड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत परसाद में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिला सूरज बाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिला। अधिकारियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कर आवेदन उसी दिन स्वीकृत कर दिया। पेंशन स्वीकृत होने से सूरज बाई को नियमित आर्थिक सहायता का लाभ मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और शिविर से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

# तेलंगाना एसीबी की बड़ी कार्रवाई: जिला भूजल अधिकारी और डाटा एंट्री ऑपरेटर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**हैदराबाद/सूर्यापेट ।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सूर्यापेट जिले के भूजल विभाग के जिला भूजल अधिकारी मेगावत बालू तथा आउटसोर्सिंग पर कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर कोसानोजु वेंकटेश्वरलु को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी के अनुसार जिला भूजल अधिकारी ने शिकायतकर्ता के बोरवेल ड्रिलिंग रिग को अनुमति प्रदान करने तथा अनावश्यक जुमार्ना लगाने अथवा रिग जब्त करने की कार्रवाई नहीं करने के बदले 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत की



राशि डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से ली जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसीबी की नलगोंडा रेंज की टीम ने जाल बिछाया और डाटा एंट्री ऑपरेटर के कब्जे से 20 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने कहा कि दोनों आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया।

दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड के लिए विशेष न्यायाधीश (एसपीई एवं एसीबी), नामपल्ली की अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच जारी है। एसीबी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करे तो इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1064 पर दें। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों पुरानी नाम संशोधन समस्या का समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत घासा तहसील की ग्राम पंचायत मांगथला में वर्षों से लंबित राजस्व अभिलेखों में नाम संशोधन के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। राजस्व रिकॉर्ड में पिता के नाम का शुद्धिकरण होने से लाभार्थियों ने राहत की सांस ली और राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार जताया। इसी शिविर में आबादी पट्टा नियम-157 के तहत 30 पात्र लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया। लंबे समय से स्वामित्व दस्तावेज की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को पट्टे मिलने पर उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविर को आमजन के लिए लाभकारी पहल बताया।

## आरटीयू और आईस्टेप के बीच एमओयू, विद्यार्थियों को मिलेंगे अंतरराष्ट्रीय कौशल एवं रोजगार के अवसर



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) ने विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से इंटरनेशनल स्किल ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी प्रोग्राम (आईस्टेप) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस समझौते के तहत विद्यार्थियों को कौशल विकास, करियर काउंसलिंग, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट सहायता और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मास्टर क्लास का लाभ मिलेगा। कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने बताया कि आरटीयू और संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी आईस्टेप के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सफल मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को सह-ब्रांडेड डिजिटल प्रमाण-पत्र भी निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। एमओयू के तहत दोनों संस्थान स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार, प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग से जुड़ी गतिविधियां संचालित करेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों के लिए तैयार करना है।

# घर की राह भटकी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** नरसिंहपुर जिले के थाना करेली क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्पर कार्यवाही से घर का रास्ता भटक गई 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई सहायता से बुजुर्ग महिला सकुशल अपने घर पहुँच सकीं।

14 जुलाई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना करेली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जनौर में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला मिली हैं, जो अपने घर का रास्ता भटक गई हैं




तथा उन्हें पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही करेली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 526 श्री सचिन सिंह लोधी एवं पायलट श्री दीपेश यादव घटनास्थल पर पहुँचे और बुजुर्ग महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। आसपास पूछताछ एवं जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि महिला ग्राम बम्हनी सुआताला की निवासी हैं। डायल-112 जवानों ने बुजुर्ग महिला को एफआरव्ही वाहन में बैठाकर सुरक्षित उनके घर पहुँचाया। आवश्यक पहचान एवं सत्यापन उपरांत उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

डायल-112 हीरोज श्रृंखला की यह घटना दशार्ती है कि डायल-112 सेवा केवल आपातकालीन सहायता ही नहीं, बल्कि बुजुर्गों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मानवीय संवेदनाओं के साथ हर परिस्थिति में सहायता पहुँचाने का कार्य भी निरंतर कर रही है।

## नशे के खिलाफ राजस्थान पुलिस का बड़ा अभियान, 9 माह में 7,502 तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने नशे और नार्को-टेररिज्म के खिलाफ पिछले नौ माह में 5,951 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 7,502 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 692 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के गठन के बाद 515 कार्रवाई कर 703 तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा जिला पुलिस के साथ मिलकर 30 एमडी फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने बड़ी मात्रा में डोडा-चूरा, अफीम, गांजा, हेरोइन, स्मैक, एमडी सहित अन्य मादक पदार्थ भी जब्त किए हैं। राज्य सरकार ने नशा प्रभावित लोगों की सहायता और तस्करी की सूचना के लिए मानस हेल्पलाइन 1933 संचालित की है। वहीं ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा के तहत 157 जागरूकता शिविर आयोजित कर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

## आमेर में ईको-टूरिज्म साइट विकास के लिए 12 .50 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला परिषद जयपुर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के अंतर्गत वन मंडल रेंज आमेर में ईको-टूरिज्म साइट के विकास कार्य हेतु ?12.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा ने बताया की यह राशि उप वन संरक्षक, ग्रास फार्म नर्सरी, खातीपुरा, जयपुर (आमेर-लबाना-गूनावता) को कार्य निष्पादन के लिए स्वीकृत की गई है। इस कार्य का उद्देश्य आमेर क्षेत्र में ईको-टूरिज्म सुविधाओं का विकास कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है। स्वीकृति आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कार्य का निष्पादन तकनीकी स्वीकृति एवं ग्रामीण कार्य निर्देशिका-2025 के प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। साथ ही गुणवत्ता, वित्तीय नियमों एवं पारदर्शिता का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुनिश्री सुमतिचंद्रसागरजी व शीतलचंद्रसागरजी का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** झीलों की नगरी में बुधवार को मुनिश्री सुमतिचंद्रसागरजी



महाराज एवं मुनिश्री शीतलचंद्रसागरजी महाराज के मंगल प्रवेश के साथ चातुर्मास का भव्य शुभारंभ हुआ। महावीर साधना एवं स्वाध्याय समिति, अंबामाता के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंगल प्रवेश के दौरान शोभायात्रा निकाली गई, जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर मुनिराजों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नवकारशी, सामैया सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन भी संपन्न हुए। चातुर्मास के मुख्य लाभार्थी प्रवीण कुमार प्रकाशचंद्र पोरवाल परिवार रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कोठारी, महासचिव फतेहसिंह मेहता सहित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### हवामहल आमेर जोन में शहरी सेवा शिविर, 80 प्रमाण-पत्र जारी



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत बुधवार को हवामहल आमेर जोन में शिविर आयोजित हुआ। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने शिविर का निरीक्षण कर पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 80 प्रमाण-पत्र तत्काल जारी किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के 40, फ्री होल्ड के 8 तथा नामांतरण के 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में सुरेश बागड़ा को मकान का पट्टा तथा विक्की सांवरिया को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 25 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। दोनों लाभार्थियों ने त्वरित राहत मिलने पर राज्य सरकार और नगर निगम का आभार जताया।

### सीएम के संभावित दौरे को लेकर झाड़ोल में तैयारियों का जायजा



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के झाड़ोल क्षेत्र के संभावित दौरे को लेकर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बुधवार को तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी कपिल कोठारी, विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह राजावत, तहसीलदार सीताराम बोलीवान सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण सेवा शिविर में मिला मकान का पट्टा, वर्षों पुरानी समस्या का समाधान




**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** दूदू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पड़ासोली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्राम नयागांव निवासी सुवालाल जाट को स्वामित्व योजना के तहत पक्के मकान का पट्टा प्रदान किया गया। इससे उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया। सुवालाल ने बताया कि वर्ष 1995 से ग्राम पंचायत पुनर्गठन और पारिवारिक बंटवारे के कारण मकान का पट्टा नहीं बन पा रहा था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने के बाद अब पट्टा मिलने से उन्हें मकान का वैधानिक स्वामित्व भी प्राप्त हो गया है। लाभार्थी ने मुख्यमंत्री, राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

# देवास तृतीय एवं चतुर्थ परियोजना : विस्थापितों के पुनर्वास के लिए भूखंड आवंटन के संबंध में बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल देवास तृतीय एवं चतुर्थ बांध तथा सुरंग परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्यवाही तेजी से चल रही है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम नाल एवं ग्राम पंचायत अम्बाबा में बैठकों का आयोजन किया गया। ग्राम नाल में आयोजित बैठक में उपखण्ड अधिकारी एवं प्रशासक, देवास बांध एवं सुरंग परियोजना पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन, गोगुंदा जगदीश आशिया, अधिशासी अभियंता, मोहनलाल सुखाड़िया देवास जल अपवर्तन खण्ड, उदयपुर बीरबल डूडी सहित सहायक अभियंता, जनप्रतिनिधिगण एवं



प्रभावित ग्रामवासी उपस्थित रहे। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने अवगत कराया कि पुनर्वास हेतु भूखंडों का आवंटन कम्प्यूटर आधारित लॉटरी प्रणाली के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को पेयजल, सड़क, नाली, विद्युत, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं शासन के नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रभावित ग्रामीणों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। ग्रामीणों द्वारा सुझाव दिया गया कि समान गोत्र के प्रभावित परिवारों को यथासंभव निकटवर्ती भूखंड आवंटित किए जाएं, जिससे सामाजिक समरसता बनी रहे तथा भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उक्त सुझाव पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत अम्बाबा में भी उपखण्ड अधिकारी एवं प्रशासक, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना, भूखंड आवंटन की प्रक्रिया तथा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।

**भूखण्ड आवंटन लॉटरी 21 जुलाई को**

बैठकों में प्राप्त सुझावों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा प्रभावित ग्रामीणों की सहमति के आधार पर भूखंड आवंटन हेतु कम्प्यूटर आधारित लॉटरी का आयोजन दिनांक 21 जुलाई, 2026 को किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन तथा भूखंड आवंटन की समस्त कार्यवाही शासन के प्रावधानों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं प्रभावित परिवारों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संपादित की जाएगी।

# प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने और विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ 14 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें स्कूल-कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, ग्राम/नगर सुरक्षा समितियों के सदस्यों, एनसीसी, एन.एस.एस., स्काउट गाइड, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता से वृहद रैली, ड्रग अवेयरनेस रन तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है। मीडिया के माध्यम से भी नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के महत्व के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता की जा रही है।

**विभिन्न विभागों, संस्थाओं और संगठनों की सक्रिय सहभागिता**

अभियान को व्यापक और प्रभावी बनाने में उच्च शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य शासकीय विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके साथ ही एनजीओ, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा नागरिक समाज की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था, अखिल भारतीय गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, हार्टफुलनेस सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा भी अभियान में सहयोग किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं एमएसएमई विभाग द्वारा प्रशिक्षित मास्टर वॉलेंटियर्स नागरिकों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। कला पथक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक, गीत, संगीत एवं अन्य रचनात्मक माध्यमों से भी जन-जागरूकता फैलाई जाएगी।




अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के विशेषज्ञों का सहयोग भी नशामुक्ति के क्षेत्र में लिया जाएगा। शिक्षा विभाग के युवा संगम अंतर्गत प्रहरी क्लब/ओजस क्लबह्व एवं उमंग मॉड्यूल के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नशे से पीड़ित व्यक्तियों को चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

**आज से प्रतिदिन अलग–अलग थीम पर होंगे जागरूकता कार्यक्रम**

अभियान के दौरान प्रदेशभर में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें स्थानीय रेडियो एवं एफएम चैनलों के माध्यम से नशामुक्ति संदेशों का प्रसारण, सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग एवं पंपलेट के माध्यम से प्रचार, प्रिंट मीडिया तथा बस अड्डों, प्रमुख चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता वीडियो का प्रसारण शामिल है। सफाई वाहनों पर लगे पीए सिस्टम के माध्यम से भी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर #नशेसेदूरीहैजरूरी, सहित विभिन्न हैशटैग के माध्यम से व्यापक जनसंदेश प्रसारित किए जाएंगे।

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जन-जागरूकता कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। साथ ही कैप, रिस्ट बैंड, बैज, पोस्टर एवं बैनर जैसी प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जाएगा।

प्रदेश के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्रावासों में छात्रावास नशामुक्ति समितियों का गठन किया जाएगा। मेडिकल एवं तकनीकी कॉलेजों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सहयोग से नशामुक्ति विषय पर पोस्टर, शॉर्ट मूवी एवं जागरूकता संदेश भी तैयार कर प्रसारित किए जाएंगे।

**15 से 30 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम**

अभियान के दौरान विभिन्न दिवसों पर स्कूल-कॉलेजों में रील्स एवं शॉर्ट फिल्म, व्याख्यान, लघु फिल्मों का प्रदर्शन, नशे के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, नशामुक्ति पुनर्वास केंद्रों की जानकारी, सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएं, नशा छोड़ चुके व्यक्तियों की प्रेरणादायी कहानियों का प्रसारण, बसों एवं सार्वजनिक परिवहन साधनों पर जागरूकता संदेशों का प्रचार, ग्राम/नगर सुरक्षा समितियों को शपथ, महिला एवं बाल विकास विभाग के शौर्य दल एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सहभागिता, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जनसंवाद, छात्रावासों, धार्मिक संस्थानों, जेलों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अंतरविभागीय जन-जागरूकता कार्यक्रम, खिलाड़ियों के बीच जागरूकता गतिविधियां तथा 30 जुलाई को जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, ग्राम/नगर सुरक्षा समितियों एवं सक्रिय कार्यकताओं की सहभागिता से समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**नशे से संबंधित शिकायत और परामर्श के लिए हेल्पलाइन**

नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध बिक्री, खरीद, भंडारण, निर्माण एवं मादक पदार्थों की अवैध खेती से संबंधित शिकायतों तथा नशामुक्ति संबंधी परामर्श के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 एवं 14446 का व्यापक प्रचार किया जा रहा है। इसके साथ ही ठउइ टअठअर पोर्टल के माध्यम से भी नागरिक जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मध्यप्रदेश पुलिस का यह अभियान नशे के विरुद्ध केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी से नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित मध्यप्रदेश के निर्माण का संगठित प्रयास है। पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अभियान से जुड़ें, नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाएं और नशे से दूरी है जरूरी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

### फर्जी ई-चालान एप से सावधान रहने की सलाह

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** राजसमंद पुलिस ने परिवहन विभाग कार्यालय में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर आमजन को फर्जी 'Challan.apk' और 'e-Challan.apk' जैसी फाइलों से सतर्क रहने की सलाह दी। पुलिस ने बताया कि ऐसे एप डाउनलोड करने से साइबर अपराधी मोबाइल और बैंक खाते तक पहुंच बना सकते हैं। पुलिस ने नागरिकों से केवल अधिकृत ऐप स्टोर से ही एप डाउनलोड करने, ओटीपी व बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करने तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

### बाल वाहिनी योजना की समीक्षा, 186 स्कूल वाहनों की जांच

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल की अध्यक्षता में बाल वाहिनी योजना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए सभी स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों की शत-प्रतिशत पालना के निर्देश दिए गए। जिले में विशेष अभियान के तहत 186 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिनमें 177 वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 9 वाहनों के खिलाफ नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। बैठक में जीपीएस, स्पीड गवर्नर, प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, वैध फिटनेस, बीमा एवं क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन नहीं करने पर विशेष जोर दिया गया।

### त्रिस्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के संचालन के मद्देनजर जन अभियोग निराकरण विभाग के शासन उप सचिव की ओर से जारी निर्देशानुसार जुलाई माह की त्रिस्तरीय जनसुनवाई स्थगित की गई है। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा जिला स्तर पर होने वाली जनसुनवाई इस बार स्थगित रखी गई है।

# अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने किया देवास चतुर्थ बांध एवं सुरंग परियोजना का निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर, 15 जुलाई।** जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीरेंद्र सागर ने देवास चतुर्थ बांध तथा देवास चतुर्थ बांध से देवास तृतीय बांध तक प्रस्तावित सुरंग परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री सागर ने परियोजना से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप शीघ्र प्रारंभ कराए जाएं तथा कार्य निष्पादन के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना की



नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यवाही समयबद्ध रूप से संपादित की जाए।

उल्लेखनीय है कि बांध निर्माण कार्य का कार्यादेश दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, भोपाल एवं सुरंग निर्माण कार्य का कार्यादेश मेगा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, हैदराबाद को जारी किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिए गए कि कार्य निर्धारित समयानुसार प्रारंभकरते हुए उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए तथा विभागीय निर्देशों एवं तकनीकी विशिष्टताओं का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति, प्रस्तावित कार्ययोजना एवं प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा भी की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर परियोजना को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, अधिशासी अभियंता बीरबल डूडी आदि उपस्थित रहे।

### नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस, युवाओं को स्वरोजगार का संदेश




**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस एवं विश्व युवा कौशल दिवस पर रेलमगरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास, कौशल उन्नयन, उद्यमिता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को पौधों का वितरण कर वृक्षारोपण कराया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आशीष जैन ने युवाओं से कौशल आधारित स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया तथा नाबार्ड की ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान जिंक सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि, ग्रामीण युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 66 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर किए जब्त

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निदेर्शानुसार घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण, कालाबाजारी तथा अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जयपुर शहर में जिला प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित सतर्कता दल ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर एवं अन्य सामग्री जब्त की है।

# राजस्थान ने रचा इतिहास: 1000 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता का आंकड़ा पार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 1000 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सोलर स्थापित क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में अब तक 2.65 लाख से अधिक घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे कुल स्थापित क्षमता 1001.57 मेगावाट तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मार्गदर्शन में संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बड़ी संख्या में प्रदेशवासी उठा रहे हैं। इस योजना से आमजन को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ-साथ राजस्थान में स्वच्छ और हरित ऊर्जा को भी व्यापक बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा विभाग तथा विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम) के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### युसीसी पर आमजन से मांगे गए सुझाव

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता ( युसीसी ) कानून को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने इस प्रस्तावित कानून पर आम जनता, विशेषज्ञों और प्रबुद्ध नागरिकों से उनके बहुमूल्य सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। इसके लिए एक आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल और क्यूआर कोड जारी किया गया है। आमजन अपने विचार और सुझाव बेहद आसान तरीके से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। आमजन युसीसी की आधिकारिक वेबसाइट युसीसी डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं। वहीं क्यू आर कोड को स्कैन करके भी सीधे आधिकारिक वेबसाइट पर पहुंचा जा सकता है। इसके बाद आमजन वहां दिए गए दिशा-निर्देशों और प्रक्रिया के अनुसार अपने विचार और फीडबैक सबमिट कर सकेंगे।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा पहुंचे उदयपुर, स्थानीय कार्यक्रमों में लेंगे भाग



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बुधवार शाम उदयपुर पहुंचे। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक एवं सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। श्री बैरवा गुरुवार सुबह 10 बजे सेवा भारती योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के लोकार्पण समारोह में भाग लेंगे। तत्पश्चात सायं 6 बजे वायुयान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कुब्रा सैत ने शुरू किया स्टैंड-अप कॉमेडी का सफर

**● अपने करियर में जोड़ा एक रोमांचक अध्याय**



**अभिनेत्री**, लेखिका और परफॉर्मर कुब्रा सैत ने स्टैंड-अप कॉमेडी के साथ अपने करियर में एक नया और रोमांचक अध्याय जोड़ लिया है। जी हाँ, लाइव कॉमेडी के साथ उन्होंने स्टैंड-अप कॉमेडी की दुनिया में न सिर्फ कदम रखा है, बल्कि अपनी पहली परफॉर्मेंस भी दी है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। गौरतलब है कि सेक्रेड गेम्स, जवानी जानेमन, फाउंडेशन और कई अन्य फिल्मों व सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी के लिए पहचानी जाने वाली कुब्रा सैत हमेशा से ही कहानी कहने के नए और अलग तरीकों को अपनाती रही हैं। अपनी बेस्टसेलिंग किताब ओपन बुकः नॉट क्वाइट अ मेमोयर की सफलता के बाद अब उन्होंने लाइव स्टैंड-अप कॉमेडी की दुनिया में कदम रखा है, जिसने उनकी क्रिएटिव जर्नी को एक नया आयाम दिया है। कुब्रा ने सोशल मीडिया पर अपनी परफॉर्मेंस की कुछ झलकियां साझा करते हुए कॉमेडी स्टेज पर उतरने की खुशी जाहिर करते हुए इस नई कोशिश के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया है और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया है, जो नए प्रयोग करने वाले कलाकारों को अपना समर्थन देने वहां पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर अपनी परफॉर्मेंस के अनुभव को साझा करते हुए कुब्रा ने लिखा है, लाइव कॉमेडी की खास बात यह है कि अगर आप मजा नहीं ले रहे हैं, तो हम भी नहीं ले रहे हैं। इसलिए धन्यवाद कि आपने इस जगह को इतना शानदार और ऊर्जा से भरपूर बना दिया। इसी के साथ स्टैंड-अप कॉमेडी की अनोखी दुनिया में हर परफॉर्मेंस सीखने और खुद को बेहतर बनाने का एक नया मौका होती है, को लेकर कुब्रा ने आगे लिखा है, धन्यवाद बैकस्पेस बांद्रा, जो कॉमेडियन्स को गिरने, उड़ने, असफल होने, शानदार प्रदर्शन करने और अगले दिन फिर से उसी जुनून के साथ लौटने के लिए एक मंच देता है। स्टैंड-अप कॉमेडी एक्टिंग से बिल्कुल अलग तरह की क्रिएटिव चुनौती पेश करती है, जहां कलाकार को तुरंत सोचने, अपनी बात ईमानदारी से रखने और दर्शकों से सीधा जुड़ने की जरूरत होती है।

### सलमान खान के शो को

# निरहुआ की खुली चुनौती!



**भोजपुरी** रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' का धमाकेदार प्रोमो वीडियो जारी हो चुका है. इस क्लिप में जहां पवन सिंह, निरहुआ, आम्रपाली दुबे और प्रताप सिंह के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला वहीं, वीडियो में निरहुआ सलमान खान को चुनौती देते भी नजर आए! जब भी टीवी पर हाई-वोल्टेज ड्रामा, आपसी झगड़े और अनफिल्टर्ड कॉन्ट्रोवर्सी की बात होती है, तो दिमाग में सबसे पहला नाम सलमान खान के शो 'बिग बॉस' का आता है. लेकिन अब सलमान खान के इस शो की बादशाहत को हिलाने के लिए भोजपुरी इंडस्ट्री के दिग्गजों ने कमर कस ली है. जियोहॉटस्टार और कलर्स ने अपने नए शो 'भोजपुरी बवाल' का पहला धमाकेदार लुक आउट कर दिया है. शो का टीजर आते ही इंटरनेट पर तहलका मच गया है, क्योंकि दिनेश लाल यादव उर्फ 'निरहुआ' ने कैमरे के सामने सीना ठोककर सलमान खान के शो 'बिग बॉस' को चुनौती दे डाली है.


### डिनर टेबल से शुरू हुआ 'बवाल'

टीवी के नए रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' के मेकर्स ने इसका प्रोमो वीडियो जारी किया है. इस क्लिप में भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स पवन सिंह , दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, आम्रपाली दुबे काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव एक डिनर टेबल पर साथ बैठे नजर आ रहे हैं. शुरुआत तो बहुत शांत और नॉर्मल होती है, जहां सब चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन यह शांति ज्यादा देर टिक नहीं पाती है. सितारों के बीच हो रहा हंसी-मजाक देखते ही देखते तीखी बहस में बदल जाती है.

### पहली बार एक्शन हीरो का दिखेगा जॉम्बी-कॉमेडी अवतार

# टाइगर श्रॉफ-शनाया कपूर की पर्दे पर दिखेगी जोड़ी





**टाइगर श्रॉफ और शनाया कपूर पहली बार जॉम्बी-कॉमेडी फिल्म में साथ नजर आएंगे। अहमद खान ने फिल्म कन्फर्म की है, जो मल्टीस्टारर होगी।**

**एक्टर** टाइगर श्रॉफ पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल कर रहे हैं। उनकी फिल्मों को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली, लेकिन इसके बावजूद उनके पास बड़े बैनर की फिल्मों की कमी नहीं है। इन दिनों वह करण जौहर के बैनर तले बन रही फिल्म 'लग जा गले' की शूटिंग में बिजी हैं। इसी बीच निर्देशक अहमद खान ने पुष्टि कर दी है कि वह टाइगर श्रॉफ और शनाया कपूर को लेकर एक नई जॉम्बी-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं।

### अहमद खान ने क्या कहा?

बातचीत में अहमद खान ने फिल्म की पुष्टि करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट पूरी तरह फाइनल हो चुका है। उन्होंने बताया, 'हां, फिल्म बन रही है। हमने इसका फोटोशूट भी पूरा कर लिया है। अब बाकी कलाकारों को फाइनल करना है। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म होगी और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।' उन्होंने बताया कि टाइगर श्रॉफ और शनाया कपूर की जोड़ी पर्दे पर दिखेगी।

## मुझे महिलाएं पसंद हैं



# मुझे किसी के साथ इंटिमेट नहीं होना

**लॉक** अप 2 के हालिया एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने एक बड़ा दावा किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने खुद को बाईसेक्शुअल बताया था। अब उन्होंने दावा किया है कि वह एसेक्सुअल हैं। वरुण यादव से बात करते हुए आकांक्षा ने कहा कि गौरव खन्ना से तलाक के बाद वह दोबारा शादी नहीं करना चाहतीं और उन्हें किसी के साथ यौन संबंध बनाने की इच्छा नहीं होती। दिलचस्प बात यह है कि यह सब तब हुआ जब श्रेया कालरा ने आकांक्षा की दूसरी 'लाइफलाइन' का खुलासा किया और बताया कि एक्ट्रेस बाइसेक्शुअल हैं। आकांक्षा ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'श्रेया ने ऐसा इसलिए सोचा क्योंकि मैं सभी के साथ खूब मस्ती करती हूं। मैंने खुद कभी उन्हें नहीं बताया कि मैं बाइसेक्शुअल हूं, लेकिन यह मेरे सीक्रेट्स में से एक है। शादी से पहले मैं बाइसेक्शुअल थी। लड़कियों के साथ मेरे कुछ रिश्ते रहे हैं। हालांकि उनमें कोई इंटिमेसी नहीं थी, लेकिन मैं कुछ महिलाओं के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। मुझे महिलाएं पसंद हैं। यह मेरे लिए एक सेफ स्पेस है। यह दुनिया काफी हद तक पुरुषों के दबदबे वाली है, इसलिए महिलाओं के साथ एक कम्फर्ट जोन बन जाता है। मुझे वह फेमिनिन एनर्जी पसंद है। मैं उसी से आगे बढ़ती हूं। ऐसे समाज में जहां लोग सोचते हैं कि लड़कियां हमेशा एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं और जलती हैं, मैं इससे सहमत नहीं हूं। मुझे लगता है कि इस गेम में पहले दिन से सिर्फ मेरा ही पर्दाफाश हो रहा है।

### मेरा अलग फेज चल रहा है

आकांक्षा ने कहा, 'मुझे डर बैठ गया है। कामुकता बदलती रहती है। आप के फेज के ऊपर होता है। मेरा अभी तलाक हो रहा है। मुझे अभी किसी के साथ संबंध नहीं बनाने। लड़कियों के साथ भी नहीं चाहिए, आदमियों के साथ भी नहीं चाहिए। मेरा अलग फेज चल रहा है, इसे एसेक्सुअल कहा जाता है।'

### अयोध्या के बाद

# रणबीर कपूर ने अब इस शहर में खरीदी जमीन?



**आगामी** फिल्मों 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' की रिलीज से पहले रणबीर कपूर प्रॉपर्टी खरीदने में लगातार निवेश कर रहे हैं। कुछ माह पहले उन्होंने अयोध्या में जमीन खरीदी थी। अब उन्होंने पुणे में प्लॉट खरीदे हैं। अभिनेता रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इसी साल रिलीज होगी। इस फिल्म के प्रमोशन और तैयारियों के बीच एक्टर पुणे में प्रॉपर्टी खरीदने को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर ने हाल ही में पुणे के पास मुल्शी तालुका के एक गांव में जमीन खरीदी है।

### कितने करोड़ की हुई डील?

रणबीर कपूर ने कुछ महीनों पहले अयोध्या के एक लग्जरी प्रोजेक्ट में जमीन खरीदी थी। अब उन्होंने फिर रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश करते हुए पुणे में जमीन ली है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के दस्तावेजों के अनुसार, अयोध्या में एक प्रॉपर्टी में निवेश करने के कुछ महीनों बाद रणबीर कपूर ने पुणे के मुल्शी तालुका में लगभग 25.7 एकड़ जमीन 16.42 करोड़ रुपये में खरीदकर अपने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो को और बढ़ाया है।

### रणबीर कपूर ने चार प्लॉट खरीदे

रणबीर कपूर ने पुणे में एक या दो नहीं, बल्कि चार प्लॉट खरीदे हैं। 30 अप्रैल 2026 को रजिस्टर हुए इस सौदे में पिंपरी गांव में जमीन के चार सटे हुए हिस्से शामिल हैं। कागजात के मुताबिक, सबसे बड़ा हिस्सा, जो 43,800 वर्ग मीटर का है, 7.07 करोड़ रुपये में खरीदा गया। 29,900 वर्ग मीटर का दूसरा प्लॉट 4.62 करोड़ रुपये में खरीदा गया, जबकि 21,400 वर्ग मीटर का एक और प्लॉट 3.31 करोड़ रुपये में लिया गया। चौथा और सबसे छोटा हिस्सा, जो 8,900 वर्ग मीटर का है। इसे 1.39 करोड़ रुपये में खरीदा गया।



# 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने पर ट्रोल हुई आलिया

**यूज़र्स बोले- गलत कास्टिंग**

**'तुम्बाड 2'** के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन पहली फिल्म 'तुम्बाड' को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। जानिए, ऐसा नजरिया सोशल मीडिया यूजर्स का क्यों है? एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था।

### आलिया को क्यों बताया गलत कास्टिंग?

सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने 'तुम्बाड 2' की आलिया वाली पोस्ट पर कमेंट लिखा, 'आलिया से 'तुंबाड 2' को बचाओ।



# सारा अर्जुन का ग्लैमरस ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस हुए हैरान

'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की एक्ट्रेस सारा अर्जुन का नया मैगजीन फोटोशूट सोशल मीडिया पर छा गया है। स्टाइलिश क्रीम आउटफिट और ग्लैमरस लुक की खूब चर्चा हो रही है।

रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी से यालिना बन सुर्खियों में आईं एक्ट्रेस सारा अर्जुन एक बार फिर अपने लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर चर्चा में हैं। मैगजीन कवर के लिए कराया गया उनका नया ग्लैमरस शूट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। क्रीम कलर के स्टाइलिश आउटफिट, दमकती त्वचा और आत्मविश्वास से भरे एक्सप्रेशन ने फैंस का ध्यान खींच लिया है। मिनिमल स्टाइलिंग और एलिगेंट पोज़ के साथ सारा ने एक बार फिर साबित किया कि वह फैशन और ग्लैमर दोनों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।